# दिल्ली विकास प्राधिकरण
## (मुख्य योजना अनुभाग)

# सार्वजनिक सूचना

नई दिल्ली, 27 अगस्त, 2025

**पीएलजी / एमपी 0002/ 2024/ एफ-20/-** दिल्ली विकास प्राधिकरण / केंद्र सरकार का दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 11-क के अंतर्गत दिल्ली मुख्य योजना - 2021/जोन-डी की क्षेत्रीय विकास योजना-2001 में किए जाने वाले निम्नलिखित संशोधन को सार्वजनिक सूचना हेतु एतदद्वारा प्रकाशित किया जाता है। प्रस्तावित संशोधन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो/ सुझाव देना हो, तो वे अपनी आपत्ति / सुझाव इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से तीस (30) दिन की अवधि के अंदर **citzservices.dda.org.in** ऑनलाइन पोर्टल अथवा ई-मेल के माध्यम से **mpd2021.public@dda.org.in** पर या लिखित रूप से आयुक्त एवं सचिव, दिल्ली विकास प्राधिकरण, 'बी' ब्लॉक, विकास सदन, नई दिल्ली-110023 को भेज सकते हैं। आपत्ति करने अथवा सुझाव देने वाले व्यक्ति अपने नाम, पते और टेलीफोन नंबर / संपर्क नंबर / ई-मेल आईडी भी दें, जो पठनीय हो।

**प्रस्तावित संशोधनः**

| क्रम सं. | अवस्थिति | क्षेत्रफल (एकड़ में) | दिल्ली मुख्य योजना 2021/जोन-डी की क्षेत्रीय विकास योजना-2001 के अनुसार भूमि उपयोग | परिवर्तित भूमि उपयोग | सीमाएं |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रस्तावित प्लॉट भरतपुर सड़क के साथ, आईएनए, नई दिल्ली में स्थित है। | 2.5 एकड़ | दिल्ली मुख्य योजना-2021 के अनुसार 'मनोरंजनात्मक' पी2 (सिटी पार्क, डिस्ट्रिक्ट पार्क, कम्युनिटी पार्क)<br><br>जोन-डी की क्षेत्रीय विकास योजना-2001 के अनुसार 'मनोरंजनात्मक' (डिस्ट्रिक्ट पार्क) | 'आवासीय' | **उत्तरः** मनोरंजनात्मक (ज़ोन-डी की क्षेत्रीय विकास योजना-2001, के अनुसार) और श्री जगन्नाथ मार्ग<br>**दक्षिणः** मनोरंजनात्मक (ज़ोन-डी की क्षेत्रीय विकास योजना-2001, के अनुसार)<br>**पूर्वः** क्षेत्रीय विकास योजना रोड (भरतपुर सड़क)<br>**पश्चिमः** आवासीय पॉकेट |

प्रस्तावित संशोधन को दर्शाने वाला पाठ / योजना निरीक्षण के लिए उपरोक्त अवधि के दौरान सभी कार्य-दिवसों में उप निदेशक कार्यालय, मुख्य योजना अनुभाग, दिल्ली विकास प्राधिकरण, छठी मंजिल, विकास मीनार, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली-110002 में उपलब्ध रहेगा। प्रस्तावित संशोधन को दर्शाने वाला पाठ/ योजना निम्नलिखित लिंक अर्थात **http://164.100.63.104/mpd-2021-public-notices-2025, https://dda.gov.in/mpd-2021-public-notices-2025** और **https:// citzservices.dda.org.in** पर भी उपलब्ध है।

**सुरेन्द्र कुमार मीणा,**
आयुक्त एवं सचिव

**Follow us:** official_dda ddaofficial official_dda_

कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.gov.in देखें या टॉल फ्री नं. 1800110332 डायल करें।